# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी।

पत्रांक 766/12-1 हल्द्वानी दिनांक 15-9 2018

फोन/फैक्सः–05946–220002 ई–मेलः– dfohld@gmail.com

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड,
हल्द्वानी (नैनीताल)।

विषयः– **जिला– नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र लालकुँआ के अन्तर्गत हल्द्वानी विकास खण्ड में चोरगलिया स्थित नहर प्रणाली हेतु नन्धौर नदी पर ट्रैंच वियर व तत्तसम्बन्धी कार्यों के निर्माण हेतु 0.735 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु सिंचाई विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कॉलौनी, देहरादून का पत्रांक **662/FP/UK/IRRG/19615/2016** दिनांक 06–09–2018।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विषयगत प्रकरण में वन भूमि हस्तान्तरण हेतु भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–मध्य क्षेत्र) देहरादून की पत्र संख्या 8 बी/यू0सी0पी0/02181/2018/ एफ0सी0/1047 दिनांक 27–08–2018 द्वारा निहित प्राविधानों द्वारा प्रदत प्राधिकार का प्रयोग करते हुए सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

1– बिन्दु संख्या 1 के अनुसार 735 वृक्षों के रोपण हेतु धनराशि रू0 8,08,500.00 (रू0 आठ लाख आठ हजार पाँच सौ) मात्र का भुगतान कैम्पा मद में करना सुनिश्चित करें।

2– बिन्दु संख्या 2 के अनुपालन में प्रस्तावित ट्रैंच वियर निर्माण हेतु ईकोक्लास के अनुसार एन0पी0वी0 धनराशि रू0 4,60,110.00 (चार लाख साठ हजार एक सौ दस) मात्र का भुगतान कैम्पा मद में करना सुनिश्चित करें।

3– बिन्दु संख्या 3 के अनुपालन में निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात जहाँ–जहाँ सम्भव हो परियोजना क्षेत्र के रिक्त स्थानों पर अभिकरण द्वारा अपने व्यय पर वन विभाग की देख–रेख में वृक्षारोपण किया जायेगा। इस आशय की बचनबद्धता प्रेषित करनी होगी।

4– बिन्दु संख्या 4 के अनुपालन में प्रयोक्ता ऐजन्सी को इस आशय की बचनबद्धता प्रस्तुत करेंगे कि उच्च स्तर से यदि एन0पी0वी0 की दरों में बढ़ोत्तरी होती है तो बढ़ी हुई धनराशि प्रयोक्ता ऐजन्सी द्वारा जमा की जायेगी।

5– बिन्दु संख्या 5 में दिये गये निर्देशोंनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

अतः आप एन0पी0वी0 व 735 वृक्षों के रोपण की धनराशि कैम्पा मद में जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीया,

(कल्याणी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी

पत्रांक 766 /उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपिः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कॉलौनी, देहरादून को सन्दर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(कल्याणी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी

E:\Letters\D.M.